# माता-पिता, आपकी भाषायें एक अवसर है

## क्या आप जानते हैं ?

**7000 भाषायें**

• विश्व में •

जनसंख्या का 60% आपसे कई भाषाओं में संवाद करता है

**600 भाषायें**

• फ्रांस में •

4 में से 1 बच्चा कई भाषायें बोलता हुआ बड़ा होता है

# द्विभाषिता

## सब भाषाओं में केवल लाभ ही लाभ,

### मेरा बच्चा कई भाषायें बोलता हुआ बड़ा हुआ है, क्या यह कोई समस्या है?

**कोई समस्या नहीं है!**

- यह प्रमाणित है कि कोई भी बच्चा सरलता से कई भाषायें सीख सकता है,
- एक के बाद एक, एक ही समय में दो, तीन अथवा अधिक भाषायें... कुछ भी संभव है!
- उसे केवल उसकी स्वयं की गति पर भाषा सीखने के लिये छोड़ना होगा।

### क्या मेरे बच्चे के लिये मेरी भाषा सहायक है?

**निस्सन्देह!**

- बच्चों के लिये माता-पिता की भाषायें नीव हैं: वह उन्हें सुरक्षा प्रदान करती हैं और पारिवारिक इतिहास हस्तांतरित करना में सहायक होती हैं।
- इन भाषाओं के कारण ही बच्चे बोलना सीखते हैं।
- इसके अतिरिक्त, कोई बच्चा जितनी अधिक अपनी पारिवारिक भाषा(यें) जानता है, बाद में उसके लिये उतना ही फ्रेंच सीखना सरल हो जाता है!



### और उसके साथ स्कूल में क्या होगा?

**कोई चिंता नहीं है!**

- यह महत्वपूर्ण है कि आपका बच्चा महसूस करे कि उसकी सब भाषायें सहर्ष स्वीकार्य हैं।
- उससे अपनी भाषा में बोलना चालू रखें व स्कूल की भाषा और उसके समक्ष खुलने वाले नए समाज में अपनी रुचि प्रदर्शित करें।
- विश्वास जाग्रत होने पर, वह सरलता से फ्रेंच सीख पायेगा... और न केवल द्विभाषीय बल्कि बहुभाषी भी बन पायेगा।



यह प्रमाणित है!

### द्विभाषीय होने से आप:

- बहुसांस्कृतिक समाज में सरलतापूर्वक संवाद करें
- विविधता को स्वीकार और विकसित करें
- सहानुभूति और ध्यानपूर्वक सुनने की क्षमता विकसित करें
- सृजनात्मक बनें
- स्वयं को विभिन्न परिस्थितियों में ढालें
- सरलतापूर्वक अन्य भाषायें सीखें

**बशर्ते कि बच्चे की सब भाषाओं के विकास में घर और समाज सहायक हो!**

## दिन-प्रतिदिन

### • परिवार मे •



**वर्णन करें, गायें, पढ़ें, खेलें...**
अपनी पसंदीदा भाषा में

**आदान-प्रदान करें, मेल-जोल करें...**
आपकी भाषा साझा करने वाले अन्य लोगों के साथ

### • शिक्षाप्रद संरचना में •

(क्रेच, स्कूल, सामाजिक केन्द्र, ...)



**आदान-प्रदान करें**
घर और संरचना की भाषाओं में

**साझा करें**
अपनी भाषाओं में शब्द, इतिहास, गीत

* तात्कालिक और मौलिक सर्वे, INED-INSEE, 2008

• bahasa • LANGUAGE • 언어 • LANG • 語言 • لغة • FITENY • dil • idioma • LANGUE •

du la la
d'une langue à l'autre

www.dulala.fr